**Paper - IV**

# MT

**Seat No.** | | | | | | | |

**2018 .... .... 1100**

MT - HINDI (ENTIRE) (SECOND OR THIRD LANGUAGE) (H) - SEMI PRELIM - I - PAPER - IV

**Time : 3 Hours** **(Pages 11)** **Max. Marks : 100**

**सूचनाएँ :- (1) सूचना के अनुसार गद्य, पद्य तथा पूरक पठन की आकलन कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है।**

**(2) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग कीजिए।**

**(3) रचना विभाग तथा व्याकरण विभाग में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए आकृतियों की आवश्यकता नहीं है।**

**(4) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।**

## विभाग 1 - गद्य

**24 अंक**

**प्र.1. (क) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए । (8)**

याद आते हैं बचपन के वे हसीन दिन, वे पल, जो मैंने बाबू जी के साथ बिताए। वे अपना व्यक्तिगत काम मुझे सौंप देते थे और मैं कैसा गर्व अनुभव करता था। एक होड़ थी, जो हम भाइयों में लगी रहती थी। किसे कितना काम दिया जाता है और कौन उसे कितनी सफाई से करता है।

एक दिन बोले- "सुनील, मेरी अलमारी काफी बेतरतीब हो रही है, तुम उसे ठीक कर दो और कमरा भी ठीक कर देना।"

मैंने स्कूल से लौटकर वह सब कर डाला। दूसरे दिन मैं स्कूल जाने के लिए तैयार हो रहा था कि बाबू जी ने मुझे बुलाया। पूछा- "तुमने सबकुछ बहुत ठीक कर दिया, मैं बहुत खुश हूँ पर वे मेरे कुरते कहाँ हैं ?"

मैं बोला- "वे कुरते भला! कोई यहाँ से फट रहा था, कोई वहाँ से। वह सब मैंने अम्मा को दे दिए हैं।"

उन्होंने पूछा- यह कौन-सा महीना चल रहा है ?

मैंने जवाब दिया- अक्टूबर का अंतिम सप्ताह।

उन्होंने आगे जोड़ा- "अब नवंबर आएगा। जाड़े के दिन होंगे, तब ये सब काम आएँगे। ऊपर से कोट पहन लूँगा न!"

मैं देखता रह गया। क्या कह रहे हैं बाबू जी ? वे कहते जा रहे थे-"ये सब खादी के कपड़े हैं। बड़ी मेहनत से बनाए हैं बीनने वालों ने। इसका एक-एक सूत काम आना चाहिए।"

यही नहीं, मुझे याद है, मैंने बाबू जी के कपड़ों की तरफ ध्यान देना शुरू किया था। क्या पहनते हैं, किस किफायत से रहते हैं। मैंने देखा था, एक बार उन्होंने अम्मा को फटा हुआ कुरता देते हुए कहा था- 'इनके रूमाल बना दो।'

**(1)** (i) **वाक्य पूर्ण कीजिए।** **1**

(1) उन दिनों को लेखक आज भी याद करते हैं ............

(2) होड़ थी, हम भाइयों में ............

(ii) **कारण लिखिए।** **1**

(1) लेखक गर्व महसूस करते थे।

(2) बाबू जी फटा हुआ कुरता भी पहनते थे।

**(2)** (i) **वाक्यों का उचित क्रम लगाकर वाक्य फिर से लिखिए।** **2**

(1) बाबू जी ने उनके कुरते के बारे में पूछा।

(2) बाबू जी ऊपर से कोट पहन लेंगे।

(3) बाबू जी ने कहा कि अब जाड़े के दिन शुरू होंगे।

(4) बाबू जी ने लेखक से अपना कमरा ठीक करने के लिए कहा।

**(3)** (i) **वचन बदलिए।** **1**

(1) कुरता - .......... (2) कोट - ..........

(ii) **परिच्छेद में प्रयुक्त उपसर्ग युक्त शब्द ढूँढ़कर लिखिए।** **1**

(1) .......... (2) ..........

**(4)** **'क्या लेखक के पिता कंजूस थे?' इस कथन के संदर्भ में अपने विचार लिखिए।** **2**

**प्र.1.** **(ख) गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।** **(8)**

**तिवारी जी :** पुराने साहित्यकारों में आप किसको अपना आदर्श मानते हैं?

**नागर जी :** तुलसीदास को तो मुझे घुट्टी में पिलाया गया है। बाबा, शाम को नित्य प्रति 'रामचरितमानस' मुझसे पढ़वाकर सुनते थे। श्लोक जबरदस्ती याद करवाते थे।

**तिवारी जी :** नागर जी, आपने 'खंजन नयन' में सूरदास के चमत्कारों का बहुत विस्तार से वर्णन किया है। क्या इनपर आपका विश्वास है?

**नागर जी :** नेत्रहीनों के चमत्कार हमने बहुत देखे हैं। उनकी भविष्यवाणियाँ कभी-कभी बहुत सच होती हैं। सूरपंचशती के अवसर पर काफी विवाद चला था कि सूर जन्मांध थे या नहीं। सवाल यह है कि देखता कौन है? आँख या मन? आँख माध्यम हैं, देखने वाला मन है।

**तिवारी जी :** आपने क्या कभी अपने लिखने की सार्थकता की परख की है?

**नागर जी :** हाँ, मेरे पास बहुत से पत्र आते हैं। मेरे उपन्यासों के बारे में, खास तौर से जिनसे पाठकीय प्रतिक्रियाओं का पता चलता है।

**तिवारी जी :** नागर जी, आपने भ्रमण तो काफी किया है....

**नागर जी** : हाँ, पूरे अखंड भारत वर्ष का। पेशावार से कन्याकुमारी तक। बंगाल से कश्मीर तक। इन यात्राओं का यह लाभ हुआ कि मैंने कैरेक्टर (चरित्र) बहुत देखे और उनके मनोविज्ञान को भी समझने का मौका मिला।

**तिवारी जी** : अपने समय के लेखकों में आप किन्हें पसंद करते हैं?

**नागर जी** : अगर दिल से पूछो तो एक ही आदमी। उसे बहुत प्यार करता हूँ। वह है रामविलास शर्मा। प्रभात कुमार मुखोपाध्याय का संग्रह 'देशी और विलायती' अगर मिल जाए तो फिर पढ़ना चाहूँगा। बदलते हुए भारतीय समाज के सुंदर चित्र हैं उसकी कहानियों में। टॉलस्टॉय और चेखव की रचनाएँ भी मुझे प्रिय हैं।

**(1)** (i) **निम्नलिखित गलत वाक्य सही करके फिर से लिखिए।** **1**

(1) मन माध्यम है और देखने वाली आँख है।

(2) लेखक तिवारी ने पूरे अखंड भारतवर्ष का भ्रमण किया है।

(ii) **उपर्युक्त गद्यांश से ऐसे दो प्रश्न तैयार कीजिए जिनके उत्तर निम्नलिखित शब्द हों -** **1**

(1) श्लोक (2) तुलसीदास

**(2)** (i) **कृति पूर्ण कीजिए।** **2**

(1) नागर जी के प्रिय विदेशी लेखक → [ ] [ ]

(2) समकालीन लेखकों में से अमृतलाल जी के प्रिय लेखक → [ ] [ ]

**(3)** (i) **'प्रतिक्रिया' शब्द में से उपसर्ग अलग कीजिए तथा अन्य दो शब्द बनाइए।** **1**

(1) .......... (2) ..........

(ii) **समानार्थी शब्द लिखिए।** **1**

(1) शाम - .......... (2) विवाद - ..........

**(4)** **'आँख माध्यम होता है किंतु देखता तो मन है।' इसपर अपने विचार लिखिए।** **2**

**प्र.1. (ग) अपठित परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए : (8)**

वह रो रहा था। सचमुच में रो रहा था। जब मैंने उसकी आँखों में टावेल लगाया। कहा, ''भैया, मत रोओ, सिर दुखेगा।'

उसने कहा, ''होनी को कौन टाल सका है ? देखो, क्या होना था, क्या हो गया।'' और उसके आँसुओं ने फिर स्पीड पकड़ ली। उसने अचानक पास में रखी हुई मसाला दोचने की लुढ़िया उठाई और अपने सर पर मारते हुए कहा, ''ले भुगत।''

उसके सर पर बहुत बड़ा गुरमा निकल आया । मैंने टावेल निचोड़कर उसकी आँखों पर रख दिया ।

वह फूडइन्स्पेक्टर था। यूँ उसका रंग वही था, जो भगवान कृष्ण का था, मगर उसके गाल लाल सुर्ख थे। इस सदी में यदि किसी को निखालिस दूध मिलता था, तो उसे ही, क्योंकि वह शहर के होटलों में दूध चेक करता था। उसके बच्चे भी मोटे-ताजे थे और उसकी बीवी गहनों से लदी रहती थी। वह स्वयं घी का व्यापारी नहीं था पर उसके घर में घी के कनस्तर रखे रहते थे। वह फूडइन्स्पेक्टर की नौकरी में इतना खुश था कि उसे अगर राष्ट्र के सबसे बड़े पद का आफर भी मिलता, तो वह ठुकरा देता। वह जानता था कि किसी को भी वह एडवांटेज नहीं है, जो फूडइन्स्पेक्टर को है।

**(1) (i) आकृति पूर्ण कीजिए। 1**




**(ii) समझकर लिखिए। 1**

(1) इन्होंने स्पीड पकड़ ली थी -

(2) इनके जैसा था फूडइंस्पेक्टर का रंग -

**(2) (i) उत्तर लिखिए। 1**

(1) इसे मिलता था शुद्ध दूध -

(2) इसलिए फूडइंस्पेक्टर राष्ट्र के सबसे बड़े पद का ऑफर ठुकरा देता -

**(ii) सत्य या असत्य पहचानकर लिखिए। 1**

(1) फूड इंस्पेक्टर की बीवी गहनों से लदी रहती थी।

(2) फूड इंस्पेक्टर के बच्चे शरीर से कमज़ोर थे।

**(3)** (i) **निम्नलिखित शब्द मानक वर्तनी के अनुसार लिखिए।** **1**

(1) दिये - .......... (2) आंसुओ - ..........

(ii) **निम्नलिखित शब्दों के पर्यायी शब्द लिखिए ।** **1**

(1) निखालिस - .......... (2) कनस्तर - ..........

**(4)** **क्या सचमुच भ्रष्टाचार करने से गृहस्थी चलती है? अपने विचार लिखिए।** **2**

## विभाग 2 - पद्य

**18 अंक**

**प्र.2.** (च) **पद्यांश पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **(6)**

वे उद्‌भ्रांत होकर बोले
यह बताओ तुम्हारे नोट कहाँ हैं?
परीक्षा से एक महीने पहले करूँगा तैयार
वे गरजकर बोले, हमारा मतलब आपकी मुद्रा से है
मैं लरजकर बोला,
मुद्राएँ आप मेरे मुख पर देख लीजिए
वे खड़े होकर कुछ सोचने लगे
फिर शयन कक्ष में घुस गए
और फटे हुए तकिये की रूई नोचने लगे
उन्होंने टूटी अलमारी को खोला
रसोई की खाली पीपियों को टटोला
बच्चों की गुल्लक तक देख डाली
पर सब में मिला एक ही तत्व खाली...
कनस्तरों को, मटकों को ढूँढ़ा सब में मिला शून्य-ब्रह्मांड
देखकर मेरे घर में ऐसा अरण्यकांड
उनका खिला हुआ चेहरा मुरझा गया
और उनके बीस सूची हृदय में
रौद्र की जगह करुण रस समा गया।

**(1)** (i) **संजाल पूर्ण कीजिए।** **2**



**(ii) ऐसे प्रश्न बनाइए जिनके उत्तर निम्नलिखित शब्द हों।** **1**

(i) अरण्यकांड (ii) शून्य-ब्रह्मांड

**(2) कृति पूर्ण कीजिए।** **1**

[ ] ← **शयनकक्ष में पाई गईं चीजें** → [ ]

**(3) निम्नलिखित पद्यांशों का भावार्थ लिखिए।** **2**

वे उद्भ्रांत होकर बोले
यह बताओ तुम्हारे नोट कहाँ हैं?
परीक्षा से एक महीने पहले करूँगा तैयार
वे गरजकर बोले, हमारा मतलब आपकी मुद्रा से है
मैं लरजकर बोला,
मुद्राएँ आप मेरे मुख पर देख लीजिए

**प्र.2. (छ) निम्न मुद्दों के आधार पर निम्न कविता का पद्य विश्लेषण कीजिए:** **(6)**

(i) **समता की ओर** **अथवा** (ii) **भारत महिमा**

(1) कविता के कवि/रचनाकार का नाम :
(2) काव्य प्रकार (3) पसंदीदा पंक्ति
(4) पसंदीदा होने का कारण (5) कविता से प्राप्त संदेश/प्रेरणा

**प्र.2. (ज) अपठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **(6)**

काम जरा लेकर देखो, सख्त बात से नहीं स्नेह से
अपने अंतर को नेह अरे, तुम उसे जरा देकर देखो ।
कितने भी गहरे रहें गर्त, हर जगह प्यार जा सकता है,
कितना भी भ्रष्ट जमाना हो, हर समय प्यार भा सकता है।
जो गिरे हुए को उठा सके, इससे प्यारा कुछ जतन नहीं,
दे प्यार उठा पाए न जिसे, इतना गहरा कुछ पतन नहीं ।।

**(1) उत्तर लिखिए।** **2**

(i) किसी से काम करवाने के लिए उपयुक्त -
(ii) हर समय अच्छी लगने वाली बातें -

**(2) आकृति में उत्तर लिखिए।** **2**

(i) अच्छा प्रयत्न यही है - [ ]
(ii) यही अधोगति है - [ ]

**(3)** पद्यांश की तीसरी और चौथी पंक्ति का संदेश लिखिए। **2**

**विभाग 3 - पूरक पठन** **8 अंक**

**प्र.3. (अ) गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।** **(4)**

मेहमान मंडली अभी बैठी हुई थी। कोई खाकर ऊँगलियाँ चाटता था, कोई तिरछे नेत्रों से देखता था कि और लोग अभी खा रहे हैं या नहीं। कोई इस चिंता में था कि पत्तल पर पूड़ियाँ छूटी जाती हैं, किसी तरह इन्हें भीतर रख लेता। कोई दही खाकर जीभ चटकारता था परंतु दूसरा दोना माँगते संकोच करता था कि इतने में बूढ़ी काकी रेंगती हुई उनके बीच में जा पहुँची। कई आदमी चौंककर उठ खड़े हुए। पुकारने लगे- "अरे यह बुढ़िया कौन है? यह कहाँ से आ गई? देखो किसी को छू न दे।"

पंडित बुद्धिराम काकी को देखते ही क्रोध से तिलमिला गए। पूड़ियों का थाल लिए खड़े थे। थाल को जमीन पर पटक दिया और जिस प्रकार निर्दयी महाजन अपने किसी बेईमान और भगोड़े कर्जदार को देखते ही झपटकर उसका टेंटुआ पकड़ लेता है उसी तरह लपक उन्हें अंधेरी कोठरी में धम से पटक दिया। आशा रूपी वाटिका लू के एक झोंके में नष्ट-विनष्ट हो गई।

मेहमानों ने भोजन किया। घरवालों ने भोजन किया परंतु बूढ़ी काकी को किसी ने न पूछा। बुद्धिराम और रूपा दोनों ही बूढ़ी काकी को उनकी निर्लज्जता के लिए दंड देने का निश्चय कर चुके थे। उनके बुढ़ापे पर, दीनता पर, हतज्ञान पर किसी को करुणा न आई थी, अकेली लाड़ली उनके लिए कुढ़ रही थी।

**(1)** तालिका पूर्ण कीजिए। **2**




**(2)** 'बुजुर्ग आदर-सम्मान के पात्र होते हैं, दया के नहीं।' कथन पर अपने विचार लिखिए। **2**

**प्र.3. (आ) पद्यांश पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **(4)**

बातों का जनाब, शऊर नहीं, शेखी न बघारें, हाँ चुप रहिए।
हम उस धरती की लड़की हैं, जिस धरती की बातें क्या कहिए।

अजी क्या कहिए, हाँ क्या कहिए।
जिस मिट्टी में लक्ष्मीबाई जी, जन्मी थीं झाँसी की रानी।
रजिया सुलताना, दुर्गावती, जो खूब लड़ी थीं मर्दानी।
जन्मी थी बीबी चाँद जहाँ, पद्‌मिनी के जौहर की ज्वाला।
सीता, सावित्री की धरती, जन्मी ऐसी-ऐसी बाला।
गर डींग जनाब उड़ाएँगे, तो मजबूरन ताने सहिए, ताने सहिए, ताने सहिए।
हम उस धरती की लड़की हैं...

**(1)** (i) **वर्गीकरण कीजिए।** **1**

**(लक्ष्मीबाई, सावित्री, दुर्गावती, चाँद बीबी, पद्‌मिनी, सीता, रजिया सुलताना)**

| ऐतिहासिक | पौराणिक |
|---|---|
| | |

(ii) **विशेषताओं के आधार पर पहचानिए।** **1**

(1) खूब लड़नेवाली मर्दानी -

(2) भारत माता के रथ के दो पहिए -

**(2)** **''प्रत्येक स्त्री में रानी लक्ष्मीबाई होती है।'' इस पर आधारित अपने विचार लिखिए।** **2**

## विभाग 4 - व्याकरण **18 अंक**

**प्र.4. सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए :**

**(1)** (i) **निम्नलिखित वाक्य में आए हुए संज्ञा शब्दों को रेखांकित करके उनके भेद लिखिए।** **1**

गाय बहुत दूध देती है।

(ii) **निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थानों में उचित सर्वनामों का प्रयोग कीजिए।** **1**

हृदय ....... है; ....... उदार हो।

**(2)** (i) **निम्नलिखित वाक्य में से अव्यय पहचानकर उसका भेद लिखिए।** **1**

चाची, माँ के पास चली गई।

(ii) **निम्नलिखित अव्यय शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए।।** **1**

अच्छा!

**(3)** **काल परिवर्तन कीजिए।** **2**

(i) सातों तारे मंद पड़ गए। (अपूर्ण वर्तमानकाल)

(ii) मैंने खिड़की से गरदन निकालकर झिड़की के स्वर में कहा। (अपूर्ण भूतकाल)

**(4)** **तालिका पूर्ण लिखिए ।** **2**

| संधि | संधि-विच्छेद | भेद |
|---|---|---|
| निस्संदेह | ............ + ............ | ............ |
| ............ | सदा + एव | ............ |

**(5)** (i) **अर्थ के आधार पर निम्न वाक्य के भेद पहचानिए।** **1**

अधिकारियों के चेहरे पर हल्की-सी मुस्कान और उत्सुकता छा गई।

(ii) **सूचना के अनुसार निम्न वाक्य का प्रकार बदलिए** **1**

मैं आज रात का खाना नहीं खाऊँगा। (विधानार्थक वाक्य)

**(6)** (i) **मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में उचित प्रयोग कीजिए।** **1**

टाँग अड़ाना

(ii) **निम्नलिखित वाक्य में अधोरेखांकित शब्द समूह के लिए कोष्ठक में दिए गए मुहावरों में से उचित मुहावरे का चयन कर वाक्य फिर से लिखिए।** **1**

(इज्जत उतारना, हाथ फेरना, काँप उठना, तिलमिला जाना, दुम हिलाना, बोलबाला होना)

क्या आपने मुझे अपमानित करने के लिए यहाँ बुलाया था ?

**(7)** **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके फिर से लिखिए।** **2**

(i) सिरचन को कोई लड़का-बाला नहीं थे।

(ii) लक्ष्मी की एक झूब्बेदार पूँछ था।

**(8)** **निम्न वाक्य में से मुख्य क्रिया और सहायक क्रिया पहचानकर लिखिए।** **1**

उन्होंने पुस्तक लौटा दी।

**(9)** **निम्नलिखित क्रियाओं के प्रथम तथा द्‌वितीय प्रेरणार्थक रूप लिखिए।** **1**

| अ.क्र | क्रिया | प्रथम प्रेरणार्थक | द्‌वितीय प्रेरणार्थक |
|---|---|---|---|
| (i) | **भूलना** | | |
| (ii) | पीसना | | |

**(10) निम्नलिखित वाक्य में उचित विरामचिह्नों का प्रयोग कर वाक्य पुन: लिखिए।** 1

ठहरो मैं माँ से जाकर कहती हूँ इतनी बड़ी बात

**(11) निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित कारक चिह्नों से कीजिए और कारक का नाम लिखिए।** 1

शरीर को कुछ समय .......विश्राम मिल जाता है।

## विभाग 5 - रचना विभाग

**32 अंक**

**प्र.5. सूचना : आवश्यकतानुसार परिच्छेद में लेखन अपेक्षित है :**

**(1) निम्नलिखित में से किसी एक पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए।** 5

सार्वजनिक गणेशोत्सव के समय २४ घंटे ऊँची आवाज में रेकॉर्ड बजने के कारण कोल्हापुर में रहने वाले करन/ करिश्मा वेद के अध्ययन में बाधा पड़ती है। इस संदर्भ में वह शहर कोतवाल, शहर विभाग, कोल्हापुर को शिकायत पत्र लिखता/लिखती है।

अथवा

**अपने मित्र या सहेली को जिला विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त होने के उपलक्ष्य में बधाई देते हुए पत्र लिखिए। (पत्र निम्न स्वरूप में हो)**

दिनांक: ..........
संबोधन :
अभिवादन :

प्रारंभ : ................
विषय विवेचन : ................
समापन : ...................

हस्ताक्षर: ................
नाम : ................
पता : .....................
.....................
.....................
ई-मेल आई. डी. : ................

**(2) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर पाँच ऐसे प्रश्न तैयार कीजिए जिनके उत्तर एक वाक्य में हो।** 5

श्री. सी. वी. रामन ने छात्रावस्था में ही विज्ञान के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का सिक्का देश में ही नहीं विदेशों में भी जमा लिया था। बात यह थी कि रमन का एक साथी छात्र ध्वनि के संबंध में कुछ प्रयोग कर रहा था। उसे कुछ कठिनाइयाँ प्रतीत हुईं, संदेह हुए। वह अपने अध्यापक जोन्स साहब के पास गया। परंतु वह भी उसका संदेह निवारण न कर सके। रामन को पता चला तो उन्होंने उसे समस्या का अध्ययन-मनन किया और इस

संबंध में उस समय के प्रसिद्ध लार्ड रेले के निबंध पढ़े और उस समस्या का एक नया ही हल खोज निकाला। यह हल पहले हल से सरल और अच्छा था। लार्ड रेले को इस बात का पता चला तो उन्होंने रामन की प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अध्यापक जोन्स भी प्रसन्न हुए और उन्होंने रामन से इस प्रयोग के संबंध में लेख लिखने को कहा। रामन ने लेख लिखकर श्री जोन्स को दिया, पर जोन्स उसे जल्दी लौटा न सके। कारण संभवत: यह था कि वह उसे पूरी तरह आत्मसात न कर सके।

**प्र.6. (1) वृत्तांत लेखन । (लगभग ६० से ८० शब्दों में)** **5**

**अपने विद्यालय में मनाए गए किसी समारोह का वृत्तांत लेखन कीजिए।**

**(2) निम्न मुद्दों के आधार पर ५० से ६० विज्ञापन तैयार कीजिए।** **5**




**(3) निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर ८० से १०० शब्दों में कहानी लिखिए। उसे उचित शीर्षक दीजिए। (कहानी लेखन)** **5**

मुद्दे:- गाँव में लड़कियाँ-सभी पढ़ने में होशियार-गाँव में पानी का अभाव-लड़कियों का घर के कामों में सहायता करना-बहुत दूर से पानी लाना - पढ़ाई के लिए कम समय मिलना - लड़कियों का समस्या पर चर्चा करना-समस्या सुलझाने का उपाय खोजना-उपाय प्राप्त करना - गाँववालों की सहायता से प्रयोग करना - सफलता पाना - प्रेरणा, शीर्षक।

**(4) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर ८० से १०० शब्दों में निबंध लिखिए ।** **7**

(i) 'विश्व बंधुता-वर्तमान युग की माँग'

(ii) किसी पालतू प्राणी की आत्मकथा लिखिए।

**Best Of Luck**